an>

Title: Need to ensure timely payment to sugarcane growers in Uttar Pradesh.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): अध्यक्ष महोदया, मैं उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के संबंध में यह विषय आपके सामने रखना चाहता हूं।

उत्तर प्रदेश सरकार तथा चीनी मिल मालिकों की बेरुखी से आज वहां किसानों की स्थिति बहुत दयनीय हो गयी है। पिछले सत्र के भी 6500 करोड़ रुपये अभी बकाया हैं, फरवरी माह बीत रहा है और अभी भी लाखों क्विंटल गन्ना खेत में खड़ा है। गन्ना काश्तकार बैंक से लोन लेकर, साहूकारों से लोन लेकर अपना खर्चा चला रहे हैं। लग्न का सीजन भी चल रहा है और निश्चित रूप से लग्न का सीजन बीतने वाला है। बच्चों की पढ़ाई के लिए फीस की आवश्यकता हो रही है। कहीं न कहीं सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बावजूद भी भुगतान नहीं हो रहा है। खास तौर से, मेरे क्षेत्र महाराजगंज जनपद में पिछले सत्र के 28 करोड़ रुपये बकाया हैं, फरवरी माह बीतने वाला है और अभी तक उसका भुगतान नहीं हुआ है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा कि किसानों के हित में बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान किया जाए, खेतों में खड़े गन्ने की पेराई के लिए समुचित व्यवस्था करने की कृपा करें और लोन की वसूली के लिए बैंक्स के जो अमीन लोग वहां जा रहे हैं, जब तक किसानों को भुगतान नहीं होता है, तब तक उस वसूली को रोक दिया जाए। धन्यवाद।